Need to set up an Academic Film Training School and a National Film Studio in Bhawanipatna, Odisha-laid

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मैं सरकार का ध्यान ओडिशा के पश्चिमी क्षेत्र के ओर आकर्षित करना चाहता हूँ जहाँ ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक स्थित होने के साथ भवानीपटना पश्चिम ओडिशा का केंद्र है। कालाहांडी, कोरापुट और नुआपाड़ा के कई स्थानों को भारत के दूसरे कश्मीर के नाम से जाना जाता है जहाँ विशाल घाटी, पहाड़, बड़े पानी के झरने, प्राकृतिक संसाधन और प्राकृतिक सौंदर्यीकरण से भरपूर अद्भुत नजारे स्थित है और यह क्षेत्र आदिवासी, कला, गीत-संगीत और ओडिया बाजा का उद्गम स्थल है जहाँ हमारे पश्चिम क्षेत्र के प्रतिभापूर्ण कलाकार अपने प्रतिभा को दिखा सकते है। लेकिन पश्चिम ओडिशा में फिल्म स्टूडियो न होने के कारण यहाँ के कलाकार अपनी प्रतिभा को नहीं दिखा पा रहे है। ओडिशा में सिर्फ एक कलिंगा स्टूडियो है जो कि कटक में स्थित है। विकास के दृष्टिकोण से पश्चिम ओडिशा हमेशा से उपेक्षा का कारण बना रहा है और यहाँ की बड़ी आबादी आदिवासी बाहुल्य है। मेरा माननीय मंत्री जी निवेदन है कि उपरोक्त मामले को गंभीरता से ध्यान में रखते हुए पश्चिम ओडिशा के भवानीपटना में ?अकादमिक फिल्म प्रशिक्षण स्कूल के साथ राष्ट्रीय फिल्म स्टूडियो" स्थापित करने की कृपया करें ताकि यहाँ जल्द से जल्द एक फिल्म स्टूडियो की शुरुआत हो सकें।